1099. जोधपुर में राजाओं की छतरियाँ ....में स्थित है।

(a) मंडोर (b) ओसिया
(c) लूणी (d) गैटोर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (b) – राजस्थान में छतरियाँ या देवल स्मारक स्थापत्य कला की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। जोधपुर के राजाओं की छतरियाँ मंडोर में स्थित हैं। गैहोर (नाहरगढ़-जयपुर) में कच्छवाहा परिवार की छतरियाँ मौजूद हैं।

1100. महाराणा प्रताप की छतरी कहाँ स्थित है?

(a) बूंदी (b) गैटोर
(c) माण्डल (d) बाण्डोली

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (d) – महाराणा प्रताप की छतरी राजस्थान के उदयपुर जिले के 'बाण्डोली' में स्थित है। इसका निर्माण महाराणा अमर सिंह ने करवाया था। यह चावंड के नजदीक स्थित है। यह महाराणा प्रताप का निर्वाण (महाप्रयाण 19 जनवरी, 1597 ई.) स्थल है।

1101. झालीबाब बावड़ी और मामादेव का कुण्ड निम्न में से किस दुर्ग में स्थित है?

(a) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (b) गागरौण दुर्ग
(c) कुंभलगढ़ दुर्ग (d) तारागढ़ (बूंदी)

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा-2018
कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत यांत्रिक)-2020

Ans. (c) – कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है। इस दुर्ग का निर्माण राणा कुम्भा ने 15 वीं शताब्दी में कराया था। झालीबाब बावड़ी और मामदेव का कुण्ड इसी कुम्भलगढ़ दुर्ग में स्थित है।

1102. 'मामादेव कुण्ड' किस किले में अवस्थित है?

(a) गागरोन (b) चित्तौड़गढ़
(c) कुम्भलगढ़ (d) मेहानगढ़

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1103. राजस्थान में सौर वेधशाला कहाँ स्थित है?

(a) उदयपुर में (b) जयपुर में
(c) अजमेर में (d) जोधपुर में

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (*) : राजस्थान में सौर वेधशाला उदयपुर में स्थित है। उदयपुर सौर वेधशाला को दक्षिण कैलिफोर्निया की बिग बियर झील स्थित सौर वेधशाला की तर्ज पर उदयपुर की फतेहसागर झील के बीच में स्थापित किया गया है। इसका निर्माण डॉ. अरविन्द भटनागर की देखरेख में वर्ष 1976ई. में किया गया। वर्ष 1981ई. से इसका प्रबन्धन भारत सरकार के अन्तरिक्ष प्रयोगशाला (PRL), अहमदाबाद द्वारा किया जा रहा है, यह वेधशाला उदयपुर की आकाशीय स्थितियों व सौर प्रेक्षणों के लिए बहुत अनुकूल है। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न को मूल्यांकन से बाहर कर दिया है।

1104. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-

सूची- I
(पर्यटक स्थल)
(A) लालगढ़
(B) त्रिपुर सुन्दरी
(C) गागरोन किला
(D) नाकोड़ा

सूची-II
(Location/स्थिति)
(i) झालावाड़ **(ii) बाड़मेर**
(iii) बीकानेर **(iv) बांसवाड़ा**

कूट :

(a) A-(ii), B-(i), C-(iv),D-(iii)
(b) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(c) A-(iii), B-(iv),C-(i), D-(ii)
(d) A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv)

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : सही सुमेलित हैं:

(पर्यटन स्थल)	**(स्थिति)**
(A) लालगढ़	बीकानेर
(B) त्रिपुरा सुंदरी	बांसवाड़ा
(C) गागरोन किला	झालावाड़
(D) नाकोड़ा	बाड़मेर

1105. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) कपिल मुनि का मंदिर -बीकानेर
(b) जगदीश मंदिर -उदयपुर
(c) द्वारकाधीश मंदिर-जयपुर
(d) मीराबाई मंदिर -चित्तौड़

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : द्वारिकाधीश मंदिर उदयपुर शहर में राजसमंद झील के तट पर कांकरोली गाँव में स्थित भगवान श्रीकृष्ण का प्रसिद्ध मंदिर है। जबकि अन्य सभी विकल्प सही है। कपिल मुनि मंदिर बीकानेर जिले के कोलायत में स्थित है।

1106. गैटोर स्थित कछवाहा शासकों की छतरियाँ किस किले की तलहटी में मिलती है?

(a) आमेर (b) नाहरगढ़
(c) जयगढ़ (d) विजयगढ़

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : गैटोर स्थित कछवाहा शासकों की छतरियाँ नाहरगढ़ के किले की तलहटी में मिलती है। यह कछवाहा वंश का शाही श्मशान घाट है। सवाई ईश्वरी सिंह को छोड़कर महाराजा सवाई जयसिंह II से लेकर महाराजा माधोसिंह तक व उनकी पीढ़ियों की स्मृति मं पंचायतन शैली में यहाँ छतरियाँ निर्मित है।